## न्यूज कार्नर

### आज मनाया जाएगा हनुमानजी का प्राकटोत्सव

**जीरापुर।** नगर सहित पूरे क्षेत्र में आज शनिवार को मर्यादा पुरूषोत्म प्रभु श्रीराम के अनन्य भक्त हनुमानजी का प्राकटोत्सव धार्मिक उत्साह के साथ बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पावन अवसर पर मंदिरों में रामायण पाठ, भजन कीर्तन एवं नगर में भव्य शोभायात्रा, भण्डारा आदि धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसको लेकर सभी हनुमान मंदिरों में व्यापक तैयारियां की गई है। इस बार हनुमानजी का जन्मोत्सव शनिवार के दिन होने से कई शुभ संयोग बन रहे है, ऐसे में हनुमानजी के प्राकोट्त्स पर नगर के प्राचीन खाड़ी वाले संकट मोचन हनुमान मंदिर पर बालाजी का नयनाभिराम श्रृंगार, भजन कीर्तन, शाम को महाआरती की जाकर प्रसाद वितरण की जाएगी।

### अत्यधिक शराब पीने से अधेड़ की मौत

**सुठालिया।** थाना अंतर्गत स्थानीय मधुसूदनगढ़ रोड पर शुक्रवार तड़के एक अधेड़ व्यक्ति की लाश मिली थी इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा बनाकर शव को जब्त किया और पीएम कराकर परिजनों को सौप दिया। जानकारी के अनुसार मृतक कंवरलाल पिता जगन्नाथ लोधी उम्र 55 साल हाल निवास ग्राम पहाड़गढ़ का था जो की नगर के मधुसूदनगढ़ रोड पर स्थित अंग्रेजी शराब ठेके के समीप ही मृत अवस्था में शुक्रवार तड़के 4 बजे के करीब पड़ा था किसी राहगीर ने उसे देखा और पुलिस को सूचना की मौके पर पुलिस पहुंची और शव को जब्त कर पंचनामा बनाया एवं उसके परिजन को सूचना दी व सुबह नो बजे स्थानीय चिकित्सालय में शव का पीएम करा कर उसके पुत्र को सौंप दिया वहीं मामले में मार्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। बताया जाता है कि उक्त अधेड़ व्यक्ति की मौत अत्यधिक शराब पीने से हुई है क्योंकि वह शराब पीने का आदी बताया जा रहा है।

### यातायात थाना परिसर ब्यावरा में एकत्रित हो गया था जिले का पुलिस बल

# सड़क मार्ग से ब्यावरा से भोपाल जाने की खबर से चौकन्नी हुई पुलिस

**जागरण, ब्यावरा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को अशोकनगर जिले के ईसागढ़ स्थित आनंदपुर धाम पर विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हुए। यहां से पीएम मोदी भोपाल के लिए सड़क मार्ग से ब्यावरा होकर भोपाल जाने की सूचना जिला पुलिस को मिली। जैसे ही प्रधानमंत्री की आगमन की खबर पुलिस को लगी वैसे ही पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने तत्परता से मोर्चा संभाल लिया और जिले का पुलिस बाल ब्यावरा सहित आसपास सड़क मार्ग पर सुरक्षात्मक तैनात कर दिया। शाम 4 बजे जिले का पुलिस बल राजगढ़ बायपास चौराहा स्थित यातायात थाना परिसर में एकत्रित हो गया था। यहां पुलिस अधीक्षक श्री मिश्रा ने पहुंच कर पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को पीएम मोदी की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। हालांकि पीएम मोदी का ब्यावरा से निकलने का प्लान कैंसिल हो गया। और वे सीधे भोपाल पहुंच गए। एसडीओपी विकास शर्मा ने बताया कि हमारे पास विभाग स्तर से प्लान आया था, उसके मुताबिक हमारे द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।



### स्वास्थ्य विभाग ने भी गठित कर दिया था दल

पीएम मोदी के ब्यावरा से निकालने के संभावित कार्यक्रम को लेकर जिला स्वास्थ्य विभाग द्वारा भी डॉक्टर का दल गठित कर दिया गया था। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर गठित किए गए दल में ब्यावरा अस्पताल में पदस्थ चिकित्सक डॉक्टर कमल दांगी, डॉ. राकेश गुप्ता डॉक्टर रितु शर्मा एवं जिला चिकित्सालय राजगढ़ में पदस्थ डॉक्टर रोहित बाथम की ब्यावर में तैनाती की गई थी।

### दुकानों के सामने लोडिंग वाहन खड़े होने और सब्जियों के ठेले लगने से बनते हैं जाम के हालात

# राजगढ़ रोड पर इलेक्ट्रॉनिक दुकान के सामने लगा भारी जाम, दुकानदार को थाने ले गई पुलिस

**जागरण, ब्यावरा**

शहर में प्रशासन और नगर पालिका परिषद द्वारा शहर वासियों को रोजाना सड़कों पर लगने वाले जाम और व्यवस्थाओं से राहत दिलाने के नाम पर पांच महा पर्व शहर के ओल्ड एबी रोड गुना बाईपास से लेकर इंदौर नाके 2 दिन करवाई कर कच्चा पक्का अतिक्रमण को साफ किया था। साथ ही सड़कों पर जाम का मुख्य कारण बन रहे सब्जियों, फलों के ठेले और दुकानों को भी प्रशासन द्वारा दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था लेकिन यहां कर्रवाई महेश औपचारिक दिखाई दे रही है। अतिक्रमण हटाने के नाम पर नपा कर्मचारियों ने अपने विरोधी लोगों की दुकानों को तहस-नहस का मौका तो मिल गया, लेकिन यातायात व्यवस्था आज भी कार्रवाई से पहले जैसी ही है। मुहिम के दौरान राजगढ़ रोड पर तो अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ही नहीं की गई। इसी का परिणाम है कि राजगढ़ रोड पर आए दिन घंटे आधे घंटे में जाम के हालात बनते और बिगड़ते हैं। इसमें सोमवार के दिन तो हालात बेहद ही खराब होते हैं इसके अलावा रोजाना शाम के समय भारी जाम भी लगता है। शुक्रवार को पीपल चौराहे से लेकर राधा कृष्ण मंदिर तक भारी जाम का नागरिकों को सामना करना पड़ा। इस रोड पर आमने-सामने दो बड़ी इलेक्ट्रॉनिक दुकान लवली इलेक्ट्रॉनिक और डागा इलेक्ट्रॉनिक है।

यहां पर सामान लोड होने से लेकर खाली होने तक के लिए लोडिंग वाहन खड़े होते हैं। जिससे रोड से गुजरने वाले अन्य चार पहिए और दो पहिया वाहनों के साथ ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के निकलने में दिक्कत होती है। इस दौरान वाहनों की क्रॉसिंग नहीं हो पाने से जाम लग जाता है। शुक्रवार को भी दुकानों के सामने लोडिंग वाहन खड़े होने के कारण घंटों जाम लग रहा। एक कारण रोड पर एक तरफ पीपल चौराहा तक तो दूसरी तरफ राधा कृष्ण मंदिर तक वाहनों की कतार लग गई। जाम में छोटे और बड़े सभी तरह के वाहनों के साथ लोग परेशान होते रहे।



### इलेक्ट्रॉनिक के मालिक को थाने ले गई पुलिस

शुक्रवार को राजगढ़ रोड पर लगे जाम के कारण लोग कहां से परेशान हुए इस दौरान लोगों ने पुलिस को शिकायत तक की। इस पर सिटी थाना पुलिस जाम का कारण बन रहे डागा इलेक्ट्रॉनिक दुकान के मालिक को थाने उठा ले गई। जहां पुलिस ने उन्हें अपनी दुकान के सामने लोडिंग वाहन खड़े न करने और जाम ना लगे देने की हिदायत देते हुए कार्रवाई की।

### इधर बेअसर रही नपा की मुहिम, रोड पर लग रही सब्जियों की दुकानें

नगर के ओल्ड एबी रोड पर बालाजी मंदिर के सामने मातृ छाया काम्प्लेक्स चौराहा, राजगढ़ रोड, टेंशन चौराहा सहित बस स्टैंड पर लगने वाले फलफ्रूट और सब्जियों के ठेलो के कारण जाम के हालात बनते हैं। इसमें बालाजी मंदिर और मातृछाया कांप्लेक्स के सामने तो दोपहर बाद से देर शाम तक दोनों तरफ सब्जियों की दुकान लगने से वाहनों के निकलने तक की जगह नहीं बचती जिससे यहां जाम लग जाता है। जबकि यहां पर लगने वाले जाम से लोगों को राहत दिलाने के नाम पर ही तो एसडीएम और नगर पालिका द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई थी, यह कार्रवाई बेअसर दिखाई दे रही है।

### एसपी ने 8 थाना प्रभारियों का किया तबादला

**जागरण, ब्यावरा।** राजगढ़ में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने शुक्रवार को बड़ा प्रशासनिक फैसला लिया। उन्होंने कानून व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए 8 थानों के प्रभारियों के तबादले किए। कोतवाली राजगढ़ में रक्षित केंद्र से वीरसिंह ठाकुर को नया थाना प्रभारी बनाया गया है। एसपी कार्यालय से जितेंद्र अजनारे को कालीपीठ थाने की जिम्मेदारी मिली है। मलावर के पूर्व थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी को देहात ब्यावरा थाने का प्रभार दिया गया है।

**एक साथ 8 थाना प्रभारी बदले :** ब्यावरा सिटी थाने से देवेंद्र सिंह राजपूत को मलावर थाने का नया प्रभारी बनाया गया है।



आचार्य वाचस्पति शुक्ल संस्कृत वेद विद्यालय, आवन
तहसील- राघौगढ़, जिला गुना (म.प्र.)- 473226
महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन
(शिक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार की स्वायत्तशासी संस्था द्वारा तात्कालिक रूप से अनुदानित)

आवश्यकता

अध्यापक - संस्कृत + सामाजिक विज्ञान (संयुक्त- 01 )
संस्कृत + सामाजिक विज्ञान (संयुक्त - 01 ) विषय हेतु शैक्षणिक योग्यता - आयु - न्यूनतम 25 वर्ष, अनुभव - 01 वर्ष का अनुभव
बी. ए. (संस्कृत) या पारम्परिक शास्त्रों में शास्त्री एवं इतिहास, भूगोल, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, अन्थ्रोपोलॉजी, समाजशास्त्र, सामाजिक कार्य में से किसी एक विषय का अध्ययन आवश्यक है। एम.ए. (संस्कृत)/आचार्य, बी. एड / विद्या वारिधि को प्राथमिकता दी जावेगी।
मासिक मानदेय- रु. 30,000/-
अध्यापक की तात्कालिक सेवाएं महर्षि सान्दीपनि राष्ट्रीय वेद विद्या प्रतिष्ठान, उज्जैन के नियमानुसार होंगी।
अभ्यर्थी अपने सभी अभिलेखों एवं आधार कार्ड की स्व प्रमाणित छाया प्रति के साथ प्रार्थना पत्र प्रबंधक / सचिव आचार्य वाचस्पति शुक्ल संस्कृत वेद विद्यालय, आवन, तहसील- राघौगढ़, जिला गुना (म.प्र.)- 473226 के नाम से डाक द्वारा अथवा स्वयं उपस्थित होकर अंतिम दिनांक 30.04.2025 तक पाठशाला कार्यालय में जमा करें। अन्तिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।
संपर्क सूत्र- 9425462544 , 9425761133, 9425618575














## न्यूज कार्नर

### महाराष्ट्र विधान परिषद की उप सभापति ने किए महाकाल के दर्शन



**जागरण उज्जैन।** महाराष्ट्र से शिवसेना की उपनेता व महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति सुश्री नीलम गोरहे आज सुबह उज्जैन पहुंची तथा भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुई। उल्लेखनीय है कि महाकलेश्वर मंदिर में प्रतिदिन आम श्रध्दालुओं के साथ-साथ देश की विभिन्न राज्यों से राजनेता भी दर्शन के लिए पहुंचते हैं। शुक्रवार सुबह महाराष्ट्र विधान परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे उज्जैन आई और तडक़े उन्होंने भगवान महाकाल की भस्मआरती के दर्शन किए। आरती के दौरान उन्होंने नंदी हॉल में बैठकर ध्यान लगाया। पुरोहित विश्वास कराडकर द्वारा पूजन संपन्न कराया गया। इसके बाद मंदिर प्रबंध समिति की ओर से उप प्रशासक सिम्मी यादव द्वारा सुश्री गोरहे का सम्मान किया गया।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव के लिए बैठक आयोजित



**जागरण महिदपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज महिदपुर द्वारा परशुराम जन्मोत्सव को लेकर श्री सहस्त्र ओदिच्य धर्मशाला महिदपुर पर बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ भगवान परशुराम जी की पूजा अर्चना के बाद किया गया। जिसमें कार्यक्रम के संयोजक के रूप में प्रदीप पंड्या के द्वारा श्री शिवनारायण जी शर्मा पेटलावद के नाम का प्रस्ताव रखा गया जिसमें सभी उपस्थित समाजजन ने हाथ खड़े करके समर्थन किया ओर जिसमें चारों मंडल के प्रभारी भी नियुक्त किए गय एवं परशुराम जन्मोत्सव को लेकर विभिन्न तैयारी के बारे में विस्तृत रूप से सभी समाज जनों द्वारा चर्चा की गई। बैठक में महिदपुर, झारडा तहसील के सभी वरिष्ठ समाज जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीराम शर्मा झारड़ा द्वारा किया गया।

### विधायक दिनेश बोस ने किया प्याऊ का शुभारंभ

**जागरण महिदपुर।** जैन सोशल ग्रुप सार्थक द्वारा सेठिया परिवार के सहयोग से स्वर्गीय कोमल बाई धर्मपत्नी स्वर्गीय राजमल जी सेठिया की स्मृति में भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस के अवसर पर गांधी मार्ग पर शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक श्री दिनेश जैन बोस ने फीता काट कर किया। इस अवसर पर धर्मदास गण परिषद के राष्टीय मंत्री राजकुमार सकलेचा, श्री आदर्श महावीर नवयुवक मंडल के परामर्शदाता अरुण बुरड़, अध्यक्ष सचिन वागरेचा, अंकुर भटेवरा, लाभार्थी विशाल सेठिया एवं नवनियुक्त अध्यक्ष ललित जैन गार्डी, पूर्व अध्यक्ष डॉ अनिल चोपड़ा, कमल बोहरा दिलीप लूणावत आदि।

# इस बार भी दो दिन पहले ही आ जाएंगे पंचक्रोशी यात्री, 23 अप्रैल है शुरुआत की अधिकृत तारीख

## व्यवस्थाओं के लिए रह गया एक सप्ताह, पड़ावों की खास तैयारियां नहीं

**जागरण उज्जैन।** पंचक्रोशी यात्रा का शुभारंभ आगामी 23 अप्रैल से होना है, लेकिन हर बार की तरह इस बार भी इसके दो दिन पहले से ही श्रद्धालु शहर आना शुरु हो जाएंगे और पड़ावों की ओर निकल पड़ेंगे। पंचक्रोशी मार्ग पर तैयारियों के लिए कलेक्टर ने 15 अप्रैल तक का समय दिया है। इसमें अब एक सप्ताह से कम का समय रह गया है। अभी तक पड़ावों पर कोई खास तैयारियां नहीं हुई है।



उल्लेखनीय है कि हर बार पंचक्रोशी की निर्धारित तिथी से दो दिन पहले ही आधी अधूरी व्यवस्थाओं के बीच श्रध्दालु पंचक्रोशी यात्रा पर निकल पड़ते हैं। परंपरागत पंचक्रोशी यात्रा की विधिवत शुरुआत हर साल वैशाख मास के कृष्ण पक्ष की दशमी से होती है। यह तिथि इस बार 23 अप्रैल को आ रही है। यही कारण है कि जिला प्रशासन ने पंचक्रोशी यात्रा मार्ग और पड़ावों पर तैयारियाँ इसी तिथि के हिसाब से 15 अप्रैल तक करने के निर्देश दिए हैं।

इस साल भी पंचक्रोशी यात्रा तय तिथि से पहले यात्रा शुरु कर सकते हैं। ऐसे में पड़ावों पर यात्रियों के लिए की जा रही व्यवस्थाएँ अगर समय से पहले पूरी नहीं हुई तो श्रद्धालुओं को परेशानी आ सकती है। इधर दूसरी ओर पड़ावों पर भी श्रद्धालुओं के लिए टेन्ट लगाने, पानी की व्यवस्था करने, साफ-सफाई करने जैसे काम में समय लगता है। पिछले वर्ष भी दो दिन पहले सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु नगर प्रवेश कर गए थे। रामघाट के साथ-साथ रेलवे स्टेशन के परिसर एवं बाहर सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु रात्रि विश्राम करते नजर आए थे। जो शिप्रा स्नान करने के बाद वे सीधे पटनी बाजार स्थित नागचंद्रेश्वर मंदिर पहुँचे थे और वहां से भगवान का पूजन कर बल लेकर गोपाल मंदिर होते हुए सतीगेट मार्ग से निजातपुरा होकर कोयला फाटक स्थित प्रवेश द्वार की ओर बढ़ गए थे। कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने इसे ध्यान रखते हुए पिछले दिनों अधिकारियों को 15 अप्रैल तक पड़ावों पर सभी तैयारियां करने के निर्देश जारी किए थे। इसमें अब 5 दिन का समय शेष रह गया है।

### एक नजर पंचक्रोशी यात्रा मार्ग और पड़ावों पर

नागचंद्रेश्वर मंदिर से 12 किलोमीटर की दूरी पर पहला पड़ाव पिंग्लेश्वर आता है। यहाँ से 23 किलोमीटर दूर दूसरा पड़ाव कायावरोहरणेश्वर आता है। यहाँ से 23 किलोमीटर दूर उपपड़ाव नलवा आता है। नलवा से 6 किलोमीटर दूर बिलकेश्वर पड़ाव होते हुए अंबोदिया पड़ाव आता है। फिर यहाँ से 21 किलोमीटर चलने पर कालियादेह महल उपपड़ाव तक यात्री पहुँचते हैं। कालियादेह महल से दुर्देश्वर पड़ाव जैथल तक 7 किलोमीटर दूरी तय करने के बाद आता है। दुर्देश्वर से पिंग्लेश्वर होते हुए उंडासा तक 16 किलोमीटर की यात्रा और करनी होती है। उंडासा उपपड़ाव से शिप्रा घाट कर्कराज मंदिर रेत मैदान तक 12 किलोमीटर की यात्रा की जाती है।

### 5 दिन में पूरी करनी होती है 118 किलोमीटर की यात्रा

वर्षों से चली आ रही पंचक्रोशी यात्रा की परंपरा आज भी ग्रामीण श्रद्धालुओं द्वारा पूरी आस्था और विश्वास के साथ की जाती है। हर साल वैशाख मास की दशमी से यह यात्रा शुरु होती है और इस दौरान भीषण गर्मी रहती है। आस्थावान इसकी भी परवाह नहीं करते हैं और 118 किलोमीटर के दायरे में आने वाले 5 पड़ाव और 2 उपपड़ाव से होकर गुजरते हैं। पटनी बाजार नागचंद्रेश्वर मंदिर से बल लेकर यह यात्रा शुरु होती है और यात्रा का 5 दिन बाद समापन भी इसी मंदिर में बल लौटाकर श्रद्धालु करते हैं।

# सचिन भंडारी ने सपत्नीक कुमारपाल महाराजा बन उतारी परमात्मा की आरती

## सकल जैन श्री संघ एवं नगर में मंगलता की कामना की



**जागरण महिदपुर ।** महिदपुर रोड स्थानीय सुविधिनाथ जैन मंदिर में भगवान महावीर स्वामी जी के जन्म कल्याण के पावन प्रसंग पर गुरुवार रात्रि 8.30 बजे कुमारपाल महाराजा बनकर आरती उतारी गई जिसका लाभ लाभार्थी कोमलचंद सचिन कुमार अंश अनंत भंडारी परिवार बपैया वाले द्वारा लिया गया कुमारपाल महाराज का जुलूस मेन रोड़ स्थित भंडारी निवास से प्रारंभ हुआ लाभार्थी भंडारी परिवार के निवास पर पधारे सकल जैन श्री संघ के श्रावक श्राविकाओं का कुमकुम अक्षत का तिलक लगाकर प्रभावना के साथ बहुमान किया गया भंडारी निवास से प्रारंभ हुआ जुलूस श्री सुविधि नाथ जैन मंदिर पहुंचा वहां पर कुमारपाल राजा बने जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने सपत्नीक भगवान महावीर स्वामी जी, मंगलदीप, गुरुदेव राजेंद्र सूरी जी, गौतम स्वामी गुरुदेव, पुण्य सम्राट जयंत सेन सुरिश्वर जी, अधिष्ठायक मणिभद्र देव, की आरती उतारी गई परमात्मा से सकल जैन श्री संघ एवं नगर में मंगलता की मंगलमय कामना की गई ।

पश्चात प्रभु भक्ति की गई। विश्व नवकार दिवस पर मंगल कलश का लाभ शैलेंद्र कुमार अम्बौर परिवार इंदौर एवं प्रभावना का लाभ महिला परिषद की राष्टीय शिक्षा मंत्री संगीता पोरवाल द्वारा लिया गया नवपद ओली आराधना के अठंम दिवस व प्रभावना के लाभार्थी सुरेश चंद सचिन कुमार भंडारी परिवार व कांठेड़ परिवार द्वारा लिया गया एवं प्रभावना का लाभ सुनील कुमार शुभम कुमार मूणत परिवार महिदपुर रोड़ लिया गया आज की साधार्मिक भक्ति एवं प्रभावना का लाभ समरथ मल, शुभम कुमार, संकेत कुमार चोरड़िया परिवार द्वारा लिया गया इस मंगलकारी अवसर पर सकल जैन श्री संघ समाज के वरिष्ठ महानुभव नवयुवक महिला बहु तरुण बालिका परिषद में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया उक्त जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

# शहर में ई-बस के संचालन में 6 महीने का समय और लगेगा

## सात चार्जिंग स्टेशन निर्माण के लिए जमीन की फाइल मंजूरी के लिए जाएगी एमआईसी

**जागरण उज्जैन।** सिटी बस तो अभी तक शुरू नहीं हो पाई लेकिन शहर में ई- बस चलने में अभी 6 महीने और लगेंगे, क्योंकि ई- बस के लिए प्लेटफार्म और चार्जिंग स्टेशन बनाना जरूरी है उसके बाद ही बस चल पाएगी।

केंद्र सरकार ने उज्जैन के लिए 100 ई- बस मंजूर कर दी है और केंद्र सरकार उसे देने के लिए भी तैयार है, वेंडर भी तय हो चुका है लेकिन ई- बस आए उसके पहले की तैयारी उज्जैन में पूरी नहीं है। सबसे पहले बस के लिए प्लेटफार्म बनाने पड़ेंगे। प्लेटफार्म के लिए जमीन आवंटित करने की फाइल चल रही है। वहीं दूसरी ओर शहर में 7 स्थान पर चार्जिंग स्टेशन भी बनाना है। इसके लिए भी जमीन चिन्हित कर ली गई है और दोनों ही फाइल महापौर परिषद में भेजी जा रही है। वहां से मंजूरी मिलने के बाद चार्जिंग स्टेशन और प्लेटफार्म बनाने का काम शुरू हो पाएगा। इस प्रक्रिया में एक-दो महीने लगेंगे और इसके बाद अन्य मंजूरी में भी समय लगेगा। सभी विभागों की एनओसी लेना पड़ेगी। तब जाकर की बस शहर में चलाई जा सकती है। इस सारी प्रक्रिया में संभावना है 6 महीने लगेंगे। इसलिए 6 महीने बाद ही शहर में ई- बस दिख पाएगी। इधर सिटी बस को लेकर भी अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है, जबकि बोर्ड की बैठक हुई दो सप्ताह होने को आए हैं। अब अधिकारी बैठकर इस मामले में निर्णय लेंगे, जबकि महापौर ने कहा था जल्द ही सिटी बस चलाई जाएगी, लेकिन उनका जल्द ही शब्द भी 2 सप्ताह में बदल गया है।

# स्टेशन से लेकर महाकाल मंदिर तक 2 साल में तैयार हो जाएगा रोप-वे

## 3 साल बाद प्रोजेक्ट आगामी जून माह में शुरू होने की उम्मीद

**जागरण उज्जैन।** रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक रोप-वे का प्रोजेक्ट तीन साल से कागजों पर ही सफर कर रहा है। अब जून माह में इसका काम शुरू होने की उम्मीद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों से भूमिपूजन करने की घोषणा के साथ बढ़ी है। रोप-वे का सफर पूरा होना आसान नहीं है, अभी दो साल और इंतजार करना पड़ेगा। यानी सिंहस्थ 2028 में ही लोग इसमें बैठकर महाकाल लोक का हवाई दृश्य देखते हुए मंदिर जा सकेंगे।

महाकाल मंदिर देश का पहला ऐसा ज्योतिर्लिंग मंदिर होगा जहां पहाड़ी इलाका न होने के बाद भी केवल स्टेशन से मंदिर के नजदीक जाने के लिए रोप-वे होगा। तीन साल पहले हुई घोषणा के बाद भूमिपूजन की संभावना बनी है। गुरुवार को केंद्रीय मंत्री गडकरी ने बदनावर में आयोजित बदनावर-उज्जैन फोरलेन के लोकार्पण समारोह के मंच से घोषणा की है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भूमिपूजन के लिए अनुरोध किया है, वे आएंगे और भूमिपूजन करेंगे। अभी इसकी तारीख तय नहीं है लेकिन उन्होंने घोषणा की है कि इसका अवॉर्ड कर दिया है। रोप वे के लिए टेंडर हो चुका है और कटक (उड़ीसा) की कंपनी को ठेका भी दिया जा चुका है। राष्ट्रीय राजमार्ग रसद प्रबंधन (नेशनल हाईवे लॉजिस्टिक मैनेजमेंट लिमिटेड) के अधिकारियों के अनुसार ऑस्ट्रिया की एक कंपनी ने इसकी डिजाइन तैयार की है। कंपनी द्वारा बैंक से इसके लिए कर्ज लिया गया है। बैंक द्वारा फाइनेंशियल क्लोजर देने की प्रक्रिया लंबे समय से चल रही थी। अवॉर्ड होने का अर्थ है कि अब वित्तीय समस्या का समाधान हो गया है। केवल शेष प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू किया जाना है।

### एक नजर आगे की प्रक्रिया पर

डेट ऑफ अपॉइंटमेंट जारी होगी। यानी इस दिन से काम शुरू किया जा सकेगा। इसमें एक से डेढ़ हफ्ता लग सकता है।कंपनी द्वारा टेक्निकल डिजाइन तैयार कराई जाएगी। इसमें एक माह का समय लगने की संभावना।दो साल में प्रोजेक्ट पूरा हो सकेगा। यानी मार्च 2027 तक पूरा होने की उम्मीद।

### तीन साल में हो जाएगा तैयार

24 फरवरी 2022 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने उज्जैन में की थी घोषणा। 13 अक्टूबर 2022 को गडकरी ने स्वयं ट्वीट कर इसकी स्वीकृति दी थी।तत्कालीन नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेंद्रसिंह ने रोप-वे के लिए 209 करोड़ रुपए स्वीकृत होने की घोषणा की थी।

नवंबर 2023 में इसका टेंडर ओडिशा की कंपनी एमएस इंफ्रा इंजीनियर्स प्रालि कंपनी ने लिया। अप्रैल 2025 में कंपनी को अवॉर्ड मिल सका। कंपनी ने 198 करोड़ रु. में ठेका लिया है।

### यह है योजना

स्टेशन से महाकाल लोक में त्रिवेणी संग्रहालय के पास तक 1.762 किमी लंबा ट्रैक होगा।

रोप-वे में रेलवे स्टेशन से महाकाल मंदिर तक 3 स्टेशन बनाए जाएंगे।यह एल शेप का रोप-वे होगा और मोनोकेबल डिटैचेबल गोंडोला (एमडीजी) सिस्टम से ऑपरेट होगा।

रोप-वे में 48 कैबिन होंगे। हर एक कैबिन में एक समय में 10 लोग बैठ सकेंगे। इससे रेलवे स्टेशन से मंदिर के पास तक का सफर 7 से 8 मिनट में पूरा होगा।

# अक्षय तृतीया पर होने वाले विवाह में पात्र जोडों के अधिक से अधिक पंजीयन कराएं : विधायक चौहान




**जागरण नागदा।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत नगर पालिका द्वारा दिनांक 30 अप्रैल 2025 (अक्षय तृतीया) के अवसर पर विवाह आयोजन किया जा रहा है इसके संबंध में क्षेत्रीय विधायक द्वारा नागदा शहर परियोजना की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों की एक बैठक शुक्रवार को अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पर रखी गई

इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर तेज बहादुर सिंह चौहान एवं सांसद प्रतिनिधि आप गहलोत के द्वारा सभी आंगनवाड़ी बहनों मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम को बेहतर करने के लिए सुझाव लिए गए एवं सभी से निवेदन किया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले विवाह कार्यक्रम में पात्र जोड़ो का अधिक से अधिक पंजीयन करावे जिससे कि शासन की योजना को मूर्तरूप दिया जा सके एवं आमजन को इस योजना के बारे में अधिक से अधिक जानकारी मिल सकें । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गोपाल यादव द्वारा नवाचार की बात करते हुए समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कहा कि आपके आंगनबाड़ी क्षेत्र में जो भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत जोड़े हैं उनकी हल्दी मेहंदी की रस्म अपनी ही आंगनवाड़ी पर कर एक नई प्रथा को संचालित कर नवाचार का परिचय देंवे। कायक्रम का संचालन मुख्य नगर पालिका अधिकारी पीके सुमन द्वारा किया गया कार्यक्रम में मौजूद अनुविभागीय अधिकारी बृजेश सक्सेना, अध्यक्ष संतोष ओपी गहलोत मंडल अध्यक्ष विजय पटेल, प्रकाश जैन, सभापति बबीता रघुवंशी, पूर्व पार्षद अनिल जोशी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेंद्र अवाना मौजूद थे नगर पालिका के कर्मचारी नीलेश रघुवंशी राकेश पवार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

# आज पालकी में नगर भ्रमण पर निकलेंगे बाल हनुमान

**जागरण उज्जैन।** बैंड बाजे, ध्वज पताका और झांकियों के कारवां के साथ निकलेगा चल समारोह, 1 क्विंटल नुक्ति का महाभोग लगेगा श्री हनुमान जन्मोत्सव पर्व पर जूना महाकालेश्वर प्रांगण स्थित जय श्री बाल विजय मस्त हनुमान मंदिर से शनिवार सांय 6.30 बजे जुलुस निकलेगा। जिसमें बाबा बाल हनुमान पालकी में विराजमान होकर नगर भ्रमण करने के लिए निकलेंगे।



जानकारी देते हुए आयोजन संयोजक श्री रामकथा व्यास सुलभ शांतु जी महाराज ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी महाकालेश्वर प्रांगण स्थित बाल विजय मस्त हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव का दो दिवसीय आयोजन अंतर्गत शनिवार हनुमान जन्मोत्सव पर प्रातःकाल 9 बजे मंगला आरती में 1 क्विंटल बेसन से बने नुकती का महाभोग लगा कर भक्तों को वितरित किया जाएगा। दोपहर दो बजे अखंड रामायण पाठ की पूर्णाहुति होगी। संध्या 6 बजे मुख्य आरती के पश्चात श्री बाल हनुमान जी की रजत उत्सव विग्रह को पालकी में विराजमान करा कर पूजन किया जावेगा। जिसके पश्चात श्री बाल हनुमान जी बैंड बाजे ध्वज पताका हाथी घोड़े और झांकियों के कारवां के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे। भक्त मंडल के सीताराम अग्रवाल, हस्तीमल नाहर, प्रहलाद दाड़, राजेश भदौरिया, रामावतार शर्मा अंजनेश शर्मा, प्रवीण ठाकुर, अभय जैन किराना, मनोहर दुबे, बसंत खत्री, शैलेंद्र तोमर गोपाल पटौदिया दामू सेठ सत्यनारायण पटौदिया, राहुल कटारिया, सौरभ शर्मा, मनीष कटारिया, अभिषेक जैन खली वाला, विवेक नहार, धर्मेन्द्र राठौड़ आदि ने पालकी यात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

### जुलुस मे ये रहेगी झांकियां

झांकियों में प्रमुख रूप से प्रथम झांकी में बाल हनुमान बचपन में सूर्य को फल समझकर उसे निगलने के लिए दौड़े थे उसका दर्शन होगा। द्वितीय झांकी में प्रथम बार हनुमानजी का राज दरबार का दर्शन होगा जिसमें हनुमानजी राजसिंहासन पर बैठकर भक्तों की बात सुनते हुए दिखेंगे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर जयवीर हनुमान मंदिर आम्बापुरा में नगर भोज 13 अप्रैल को



**जागरण उज्जैन।** आम्बापुरा स्थित प्राचीन जयवीर हनुमान मंदिर में इस वर्ष हनुमान जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा। इस विशेष अवसर पर, 13 अप्रैल को सुनील चावण्ड़ मित्रमंडली द्वारा नगर भोज का आयोजन किया जाएगा। यह एक धार्मिक आयोजन है, जो हर साल हनुमान जन्मोत्सव के साथ किया जाता है।

युवा समाजसेवी और हनुमान भक्त सुनील चावण्ड़ ने इस आयोजन के संदर्भ में जानकारी साझा करते हुए बताया कि 20 वर्ष पहले उनके क्षेत्र में राम जी की शोभा यात्रा निकाली गई थी। इसी दौरान उनके मन में यह विचार आया कि कुछ नया किया जाए और भण्डारा आयोजित किया जाए। उन्होंने क्षेत्र के युवा साथियों को एकत्र किया, बड़े-बुजुर्गों का मार्गदर्शन लिया, और तय किया कि हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर दाल, बाफले और लड्डू बना कर भण्डारा किया जाएगा।

सुनील चावण्ड़ ने बताया कि उनके पिताजी रामजीलाल चावंड और उनके मित्र कैलाश जी मरमट का यह संकल्प आज बाबा जयवीर हनुमान जी के आशीर्वाद से एक विशाल रूप ले चुका है। पिछले दस वर्षों से आम्बापुरा और देसाई नगर में नगर भोज का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रसादी ग्रहण करने वाले सभी लोग हमारे अतिथि हैं, और उन्हें टेबल-कुर्सी लगाकर भोजन कराया जाता है। इस आयोजन में लगभग 35 से 40 हजार भक्त प्रसादी ग्रहण करते हैं।

सुनील चावण्ड़ ने कहा कि उनकी भक्त मंडली के सभी साथी आयोजन की तैयारियों में जुट जाते हैं। सभी के सहयोग से नगर भोज का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न होता है। इस अवसर पर पूरे क्षेत्र को दुल्हन की तरह विद्युत बल्बों से सजाया जाता है। इस वर्ष, 13 अप्रैल को विशेष रूप से गोल्डन वर्ल्ड रिकॉर्ड की टीम भी इस नगर भोज के अवसर पर उपस्थित होगी। इस बार भंडारे में लगभग 50000 से अधिक लोगों की आने की संभावना बताई जा रही है आयोजन न केवल धार्मिक है, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी प्रतीक है। जानकारी अमृत बैंडवाल ने दी।

# पत्रकारों पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मुस्लिम युवक गिरफ्तार

**जागरण तराना।** पत्रकारों पर अभद्र टिप्पणी कर उनकी भावना आवत करने वाले एक मुस्लिम युवक पर पुलिस ने प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए धारा 151 में गिरफ्तार कर कार्यपालक दंडाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया।

जानकारी अनुसार एक फेसबुक पोस्ट पर अरसान पिता फसीउल्ला काजी द्वारा टिप्पणी करते हुए पत्रकारों को नफरत फैलाने वाले बताया और लिखा की मास कम्युनिकेशन की डिग्री कंपलसरी हो जाए तो नगर के 99त्न पत्रकार बेरोजगार हो जाएंगे और फिर उन्हें नफरत फैलाने के लिए राजनीति का सहारा लेना पड़ेगा। । इस पोस्ट पर आपत्ति लेते हुए नगर के पत्रकारों द्वारा पुलिस थाना तराना में आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए शिकायती आवेदन दिया गया। शिकायत पर पुलिस द्वारा अरसान काजी पर धारा 151 में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर कार्यपालक दंडाधिकारी राजेश बोरासी के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से 50000 रू. (बंद पत्र) जमानत पर छोड़ गया एवं अपना जवाब प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया।

अरमान की टिप्पणी का आशय है कि पत्रकार नफरत फैलाने का काम करते है।99त्न पत्रकारों की रोजी-रोटी पत्रकारिता से चलती है और मास कम्युनिकेशन की डिग्री कंपलसरी कर दी जाए तो यह बेरोजगार हो जाए। और इनको नफरत फैलाने के लिए राजनीति का सहारा लेना पड़ेगा। अर्थात राजनीति में जितने भी लोग हैं सब नफरत फैलाने का काम करते हैं।

# भारतीय समाज मिटा नहीं क्योंकि आध्यात्मिक ऊर्जा से चैतन्य है : दीपक विस्पुते

## डॉ. हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला की प्रथम संध्या पर भारतीय समाज की स्थापना, उसके क्रमिक विकास और भविष्य की संभावनाओं पर रखे विचार

**जागरण उज्जैन।** विश्व की अनेक सभ्यताओं के पतन के बीच भारत की सभ्यता गिर-गिर कर भी संभलती रही तो उसके पीछे आध्यात्मिक ऊर्जा कारण है।




यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक प्रमुख दीपक विस्पुते ने लोटि स्कूल परिसर के मुक्ताकाशी मंच पर आयोजित व्याख्यानमाला की प्रथम संध्या पर समाज परिवर्तन की संकल्पना एवं हमारी भूमिका विषय पर बोलते हुए कही। डॉ हेडगेवार स्मृति व्याख्यानमाला की प्रथम संध्या पर भारतीय समाज की स्थापना, उसके क्रमिक विकास और भविष्य की संभावनाओं पर विचार रखते हुए आपने कहा समाज निर्माण की बात चलती है सबसे पहले ध्यान में आता है कि ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की। हम सब आरण्यक संस्कृति के लोग हैं, वनों में रहते थे। शिकार करते थे, मांस खाते थे। धीरे-धीरे हमने खेती करना सीखा और जब अन्न उपजा तो उसकी सुरक्षा के लिए खानाबदोश जीवन छोड़कर एक जगह रहने लगे। इससे ग्राम बने, ग्राम संस्कृति से नागर सभ्यता का विकास हुआ और वहां हमने सुंदर अल्पना और रंगोली बनाना सीखा। आज भी गुफाओं में भित्ति चित्र, शैल चित्र मिलेंगे जिसमें गरुड़, शंख, नाग, पद्म यह सब बने मिलेंगे। इस तरह सबसे प्राचीन सभ्यता और संस्कृति यदि विश्व में है तो हमारी भारत की है। जब सभ्यताएं बनीं तो उनका उत्थान हुआ। जब उत्थान हुआ तो पतन भी हुआ। जो जितनी पुरानी सभ्यता है उसने सबसे ज्यादा उत्थान और पतन देखे हैं। अब तक मिस्त्र, बेबीलॉन, यूनान, रोमन अनेक सभ्यताएं बनीं और खत्म हो गईं। लेकिन आखिरकार इकबाल को कहना पड़ा कि हिंदुस्तान की बात कुछ अलग है, हस्ती मिटती नहीं हमारी। एक आध्यात्मिक ऊर्जा के कारण हम आज तक बने रहे। हर पतन के कारण हमारा पुनरुत्थान हुआ। यह अपार आध्यात्मिक ऊर्जा का ही प्रतिफल है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिंधु जागृत समाज के संरक्षक दौलत खेमचंदानी ने की। संचालन वरुण गुप्ता ने किया। अतिथि परिचय आनंद दशोरा ने किया। समिति अध्यक्ष नितिन गरुड़, सचिव गोपाल गुप्ता, डॉ क्षमाशील मिश्रा, पंकज चांदोरकर ने अतिथि स्वागत किया।

# जागरण गुना

गुना, 12 अप्रैल, 2025 | चांचौड़ा - राघौगढ़ | www.dainikjagranmpcg.com




### जनसमस्या सुनकर किया निराकरण

जागरण, इटारसी। रेस्ट हाउस में नर्मदापुरम नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से मुलाकात कर उनकी जनसमस्याओं को सुना एवं संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर समस्याओं के शीघ्र निराकरण के आवश्यक निर्देश दिए। जनसुनवाई के माध्यम से जनता की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए समाधान केंद्रित संवाद स्थापित किया गया।

## न्यूज कॉर्नर

### निजी स्कूल संचालकों की बैठक 13 अप्रैल को

**गुना।** प्राईवेट स्कूल ऐसोसिएशन के चुनाव 13 अप्रैल को होंगे। इसके लिए तैयारियों शुरू कर दी गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी एड. चरण सिंह ने बताया कि चुनाव सुबह 11 से एवरेस्ट एकेडमी न्यू टेकरी रोड गुना में होंगे। जिसमें अध्यक्ष का चुनाव होगा। एसोसिएशन की सदस्यता के लिए 500 रुपए का शुल्क निर्धारित किया गया है। चुनाव के लिए नामांकन 13 अप्रैल को सुबह 11 से दोपहर 12 बजे तक होगा और नाम वापसी दोपहर 12 से 1 बजे के बीच होगी। इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान किया जाएगा। शाम को 4 से 5 बजे के बीच मतों की गणना की जाएगी। इसके बाद परिणामों की घोषणा की जावेगी।

### जिपं कार्यालय में हुई ई-ऑफिस की शुरुआत

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशों के पालन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना के मार्गदर्शन में आज से जिला पंचायत कार्यालय में ई-ऑफिस की शुरुआत की गई। इस दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गुना द्वारा ऑफिस की फ़ाइलो का आदान-प्रदान ई-ऑफिस के माध्यम से किया गया। सीईओ जिला पंचायत गुना द्वारा कार्यालय के सभी अधिकारी/कर्मचारियों को फ़ाइलों का आदान-प्रदान अनिवार्यता ई-ऑफिस के माध्यम से करने के निर्देश दिये गये।

### अंबेडकर जयंती पर होगा कवि सम्मेलन

**गुना।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कला मंच के माध्यम से गुना में कवि सम्मेलन होगा। प्राप्त जानकारी अनुसार बाबा साहब भीमराव आंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राष्ट्रीय कला मंच मध्यभारत के वैनर तले 14 अप्रैल को सायंकाल 7 बजे स्थान लक्ष्मीगंज गुना में संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब आंबेडकर जयंती समारोह को मनाते हुए विशाल कवि सम्मेलन का आयोजन रखा गया है। जिसमें कवि सुमित मिश्रा ओरछा एवं कवि राम भदावर कवि सम्मेलन में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। जिसकी तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर गुरुवार को केशव स्मृति भवन प्रताप छात्रावास, गुना में बैठक संपन्न हुई। आयोजन समिति द्वारा उक्त कवि सम्मेलन में जिलेवासियों सहित नगर के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने का आग्रह किया गया है।

### आईआईटी परिसर में प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित



**गुना।** तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मध्यप्रदेश शासन, गुना द्वारा आयोजित प्लेसमेंट ड्राइव शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गुना मे प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन आज प्रातः 09.30 बजे से किया। सुजुकी मोटर्स गुजरात प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आयोजन के दिन कुल 53 आवेदक अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों एवं बायोडाटा सहित साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए थे जिनमे से 16 का अंतिम रूप से चयन किया गया। उक्त कार्यक्रमों में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, गुना के विवेक कैम एवं सुरेन्द्र पाठक (टी..पी.ओ)की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही ।

### हनुमान जयंती पर टेकरी मंदिर में रात 12 बजे से दर्शन के लिए पहुंचे भक्त

# ऑर्किड और रजनीगंधा के फूलों से होगा बालाजी का श्रृंगार, दो लाख करेंगे दर्शन

**जागरण, गुना।** शनिवार को भगवान हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। हनुमान जन्मोत्सव पर टेकरी पर लगने वाले जिले के सबसे बड़े मेले की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं। शनिवार सुबह शुभ मुहूर्त में 4.15 बजे बालाजी सरकार आरती होगी। इस साल यहां लगभग 2 लाख लोगों के दर्शन करने की संभावना है। प्रशासन और टेकरी ट्रस्ट इतने ही अनुमान के साथ तमाम व्यवस्थाएं कर रहा है। मंदिर के अंदर की सभी व्यवस्थाएं ट्रस्ट संभालेगा, तो वहीं पार्किंग, पानी, सड़क, मेडिकल टीम की व्यवस्थाएं प्रशासन के हाथ में रहेंगी। तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिये प्रशासन और ट्रस्ट की कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं।

टेकरी तक पहुंचने के लिए कई रास्ते हैं। शहर के अंदर से टेकरी जाने वाले नयापुरा से होकर व्हीआईपी रोड होते हुए टेकरी पहुंच सकते हैं। वहीं खूयावदा रोड होते हुए हनुमंता मंदिर वाला रास्ता भी खुला रहेगा। इसके अलावा बायपास



से भी टेकरी तक पहुंचा जा सकता है। म्याना, नानाखेड़ी की तरफ से जाने वालों के लिए बायपास सुलभ रहेगा। राघोगढ़, रुठियाई से आने वाले बिना शहर में एंट्री किये सीधे बायपास से पहुंच सकते हैं। सभी रास्ते खुले रहेंगे।

### यहां होगी पार्किंग

इस बार पार्किंग को लेकर दो जगह व्यवस्थाएं हैं। पहली पार्किंग हुसैन टेकरी पर रहेगी। पुलिस का पहला बैरिकेड यहीं पर लगाया जाएगा। शहर के अंदर से जाने वाले चार पहिया वाहनों को यहां रोका जाएगा। उन्हें यहीं अपनी कार और वाहन पार्क करने होंगे। यहां से आगे चार पहिया वाहन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। केवल दो पहिया वाहन आगे जा सकते हैं।

**बायपास पुल**– यहां पार्किंग के लिए चार स्थान तय किए गए हैं। दो पुल के इस तरफ और दो उस तरफ। दोनों तरफ एक जगह चार पहिया वाहन पार्किंग और एक जगह बाइक पार्किंग के लिए रहेगी। 4 जगह पार्किंग के लिए तय की गई हैं।

### दर्शन के लिए व्यवस्था

टेकरी पर ऊपर दर्शन करने जाने के लिए रास्ते को वन-वे किया गया है। नागरिक सड़क से मंदिर तक पहुंचेंगे। ऊपर जाने के लिए बस यही रास्ता रहेगा। यहां हमेशा की तरह तय स्थान पर जूता स्टैंड बनाया जाएगा। वहां अपनी जूते-चप्पल उतारेंगे। यहां पास में ही प्याऊ पर पानी की व्यवस्था रहेगी।

### कंट्रोल रूम बनेंगे

इस बार लगभग 2 लाख लोगों के दर्शन करने पहुँचने का अनुमान है। इसलिए 3 कंट्रोल रूम बनाये जाएंगे। एक कंट्रोल रूम टेकरी धर्मशाला पर रहेगा। दूसरा सीढ़ियों पर और तीसरा टेकरी के नीचे। इन्हीं कंट्रोल रूम से पूरे परिसर पर नजर रखी जायेगी। राजस्व के अधिकारियों को ड्यूटी भी लगाई गई है। मुख्य मंदिर, सीढ़ियों पर, रास्ते, मेले की व्यवस्था पर नजर रखने के लिए राजस्व अधिकारी तैनात रहेंगे।

# हार्वेस्टर से निकली चिंगारी से लगी आग, फायर बिग्रेड ने आकर बुझाई



**जागरण, गुना।** आरोन थाना क्षेत्र के ग्राम जखौदा में एक खेत में आग लग गई। आग लगने का कारण हार्वेस्टर से निकली चिंगारी को बताया जा रहा है। जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण आनन-फानन में खेत में पहुंचे। किसी ने आग पर मिट्टी डाली तो कोई पेड़ों की हरी डालियां लेकर आग बुझाने दौड़ा। इसके साथ ही कुछ ग्रामीणों ने एक अपने ट्रेक्टर लाकर आग के रास्ते कर्ज में पंजा चलाया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जखौदा के जेपी रघुवंशी के खेत में हार्वेस्टर से गेहूं की फसल की कटाई की जा रही थी, तभी अचानक हार्वेस्टर में खेत से एक पत्थर चला गया, जिससे तेज चिनगारी निकली और देखते ही देखते खेत में आग लग गई। सूखी फसल के चलते आग ने । तेजी से विकराल रूप धारण कर ज़ लिया। जब तक लोग आग बुझा - पाते करीब तीन बीघा की फसल जलकर खाक हो गई।

ग्रामीणों ने अपनी जुगत से आग बुझाने का प्रयास किया। कई ग्रामीणों ने हाथों में पेड़ों की हरी डालियां लेकर आग पर मारकर बुझाने का प्रयास किया। इसके साथ ही दमकल को भी सूचना दी गई। इसके साथ ही ट्रेक्टर से खेत की जुताई की गई, ताकि आग को आगे बढ़ने से रोका जा सके। इस प्रयास में एक ट्रेक्टर के पहिए ने आग पकड़ ली। जिसे देखकर वहां अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने आग को बुझाने का प्रयास जारी रखा। ट्रेक्टर का पहिया भी जलकर खाक हो गया। कुछ देर बाद दमकल मौके पर पहुंच गई। तब तक ग्रामीण काफी हद तक आग पर काबू पा चुके थे, शेष बची आग को दमकल ने बुझाया, लोगों ने राहत की सांस ली।

# दर्दनाक हादसाः तेज रफ्तार ट्रक चालक ने ग्रामीण को कुचला, मौत

**जागरण, गुना।** जिले में सड़क हादसों के मामले बढ़ते जा रहे हैं, जिन पर अंकुश नहीं लग रहा है। इसी क्रम में बजरंगगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम छीपोन में एक दर्दनाक सडक़ हादसे में 55 वर्षीय ग्रामीण की जान चली गई। मृतक की पहचान श्रीराम अहिरवार के रूप में हुई है, जो किसी परिचित से मिलकर घर लौट रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार से आ रहे एक अनियंत्रित ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने तत्काल उन्हें नजदीकी अस्पताल पहुंचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही बजरंगगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक की रफ्तार बहुत अधिक थी और चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया, जिससे उसकी पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और ट्रक व चालक की तलाश में जुट गई है।

### दो पक्षों में हुई मारपीट क्रॉस मामला दर्ज

इधर बमोरी क्षेत्र के विलोदा गांव में दो पक्षों के बीच पुरानी रंजिश को लेकर विवाद गहराया और इतना बढ़ा कि मामला मारपीट और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाते हुए बमोरी थाने में शिकायत दर्ज कराई है, जिसके आधार पर पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विलोदा निवासी विनोद अहिरवार (40) ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने बेटे राज अहिरवार के साथ सामान लेने मुहाल कॉलोनी गया था। वहां कालोनी चौराहे पर गांव के आनंद अहिरवार और छोटेलाल अहिरवार मिल गए। पुरानी रंजिश के चलते दोनों ने पहले गालियां दीं और मना करने पर आनंद ने डंडे से विनोद पर हमला कर दिया, जिससे उसे पीठ और पैर में चोटें आईं। जब बेटा राज बीचबचाव करने आया तो उसे भी पीटा गया।

### निरक्षरों को साक्षर बनाने अभियान जारी

**गुना।** 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों, निरक्षरों को साक्षर करने हेतु जिले के समस्त शहरी/ग्रामीण क्षेत्र में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसके तहत विकास खंड चांचौड़ा के राजस्थान की सीमा से लगे ग्राम बांक खेड़ा में स्थापित सामाजिक चेतना केंद्र शासकीय नवीन माध्यमिक विद्यालय का विगत दिवस अवलोकन करने पर पाया कि वहां के नोडल अधिकारी प्रधानाध्यापक हरी सिंह राठौड़ द्वारा 60 असाक्षरों का शत प्रतिशत पंजीयन साक्षरता पोर्टल पर कर उनको साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित कराकर उत्तीर्ण भी करा दिया है वर्तमान में वह घर घर जाकर कलेक्टर द्वारा दिए निर्देशानुसार असाक्षरों के विशेष सर्वे अभियान अंतर्गत असाक्षरों/ निरक्षरों का सर्वे अपने 8 पंजीकृत स्वंसेवकों/ अक्षर साथियों की मदद लेकर कर रहे हैं सर्वे में चिन्हित शत प्रतिशत असाक्षरों को पुन⁻ पोर्टल पर पंजीयन उपरांत आगामी सितंबर 2025 की साक्षरता परीक्षा में सम्मिलित कराकर उन्हें भी नव साक्षर कर ग्राम को पूर्ण साक्षर किए जाने का उनका निरंतर प्रयास जारी है।

# वक्फ बिल पर दिग्विजय का विरोध युवा मोर्चा ने लगाए गद्दार के पोस्टर




**जागरण, गुना।** वक्फ बिल को लेकर कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह के विरोध के बाद अब उन्हें लेकर सियासत गर्मा गई है। शहर में गुरूवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उनके खिलाफ पोस्टर लगाए, जिनमें उन्हें गद्दार और देश, धर्म व पूर्वजों का विरोधी बताया गया है। इन पोस्टरों को लेकर शहर में चर्चा तेज हो गई है और राजनीतिक माहौल गरमा गया है। पोस्टर शहर के कई प्रमुख स्थानों पर चिपकाए गए हैं, जिनमें से कई ऐसे भी स्थान हैं जहां पोस्टर लगाना प्रतिबंधित है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि पोस्टर लगाने वालों ने प्रशासनिक निर्देशों की अनदेखी की है। दरअसल दिग्विजय सिंह ने हाल ही में वक्फ बिल के खिलाफ संसद में अपनी आवाज बुलंद की थी, जिसमें उन्होंने मुस्लिम समुदाय के वक्फ बोर्डों को मिलने वाले विशेषाधिकारों और संपत्ति से जुड़े प्रावधानों पर आपत्ति जताई थी। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने भी इस बिल के कई प्रावधानों पर आपत्ति जताई थी, जिसके चलते संसद के दोनों सदनों में इस पर तीखी बहस हुई थी। बिल के विरोध में देश के कई हिस्सों में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने भी शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किए। गुना में ईद के मौके पर कुछ मुस्लिम नागरिकों ने काली पट्टी बांधकर प्रतीकात्मक विरोध जताया था।

### गौशाला से ट्यूब वेल मोटर की केबिल चोरी

**राघोगढ़।** चोरों के हौसले बुलंद पूर्व में भी चोरी का प्रयास किया। जन सहयोग से चल रही राघौजी गौशाला धीरपुर में ट्यूब बेल की मोटर की केबल काट कर चोर ले गये। जिसका आवेदन पुलिस थाने में दिया गया पूर्व में भी चोरों ने मोटर को निकालने की कोशिश की थी ।उसकी सूचना भी राघौगढ़ पुलिस को दी गई थी ।लेकिन कोई कार्रवाही नही हुई अभी तक। बहुत ही दुर्भाग्य पूर्ण घटना है ।चोरो के हौसले बुलंद हो रहे है। गर्मी में गौमाता पानी के लिए परेशान हो रही है। टेंकर से गौशाला में पानी मगाना पड़ रहा है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

इधर फतेहगढ़ के ग्राम ढिमरपुरा में बाइक चोरी की घटना सामने आई है। फरियादी रामचरण अहिरवार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि गत दिवस उसने अपने मौसेरे भाई दिलीप से उसके ससुर बद्रीलाल अहिरवार के नाम की पल्सर बाईक एमपी 08-0208 चलाने के लिए ली थी और अपने घर के सामने खड़ी कर दी थी। रामचरण के अनुसार, रात 12 बजे तक बाइक वहीं खड़ी थी, लेकिन सुबह 5 बजे उठने पर वह गायब मिली।

### ज्योतिबा फुले की जयंती पर अर्पित की श्रद्धांजलि

**गुना।** नवजागरण काल के अग्रदूत और सामाजिक क्रांति के महानायक महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती के अवसर पर छात्र संगठन डीएसओ की कॉलेज इकाई द्वारा पीजी कॉलेज परिसर में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों ने फुले के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में डीएसओ की कॉलेज कार्यालय सचिव ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महात्मा फुले का जीवन सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक निरंतर संघर्ष का प्रतीक रहा है। उन्होंने उस दौर में महिलाओं और वंचित वर्गों के लिए शिक्षा के द्वार खोले, जब समाज में छुआछूत, जातिवाद और धार्मिक कट्टरता चरम पर थी। उन्होंने यह मान्यता दी कि शिक्षा ही एकमात्र ऐसा साधन है जिससे व्यक्ति का समग्र विकास संभव है। उन्होंने बताया कि फुले ने सबसे पहले अपनी पत्नी को पढ़ाया और फिर उनके माध्यम से लड़कियों की शिक्षा की शुरुआत की। यह एक ऐतिहासिक उदाहरण है।

# भाजपा ने चलाया गांव चलो बस्ती चलो स्वच्छता अभियान



**जागरण, गुना।** भारतीय जनता पार्टी बूढ़े बालाजी मंडल द्वारा ग्वालियर संभाग प्रभारी विजय दूबे और भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह सिकरवार की उपस्थिति में आयोजित गांव चलो-बस्ती चलो अभियान के निमित्त राजमाता शक्तिकेंद्र के बूथ क्रमांक 87 के हनुमान मंदिर पर साफ़-सफ़ाई कर स्वच्छता अभियान चलाया और बैठक आयोजित की गई, जिसमें बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद कर आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की गई। जिसमे सभी भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंदिर प्रांगण में साफ़ सफ़ाई कर स्वच्छ भारत-स्वस्थ भारत का संदेश सभी को दिया गया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राधेश्याम पारिख, विट्ठलदास मीना, जिला उपाध्यक्ष गिर्राज भार्गव, वरिष्ठ भाजपा नेता अरविंद गुप्ता, पार्षद कैलाश धाकड़, बूढ़े बालाजी मंडल अध्यक्ष परेश भार्गव, नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन राजपूत, आकाश भार्गव, नवल धाकड़, रवीन्द्र रघुवंशी, राजा पंत, सुनील शर्मा सहित बूथ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सातवे पोषण पखवाड़ा 22 अप्रैल तक

**गुना।** जिले में पोषण पखवाडा अंतर्गत समस्त आंगनबाड़ी केन्द्रों में निर्धारित थीम अनुसार दैनिक गतिविधियॉ आयोजित की जा रही है। भारत सरकार द्वारा वर्ष 2018 से प्रत्येक वर्ष पोषण अभियान अंतर्गत पोषण को जनआन्दोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से माह मार्च-अप्रैल में पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 2025 में सातवें पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन 22 अप्रैल तक किया जायेगा। इस दौरान पोषण पखवाडा कार्यक्रम अंतर्गत आंगनबाडी केन्द्र स्तर पर मंगलवार को जीवन के प्रथम 1000 दिवस पर केन्द्रित गविविधियॉ आयोजित की गई। जिसमें प्रथम हजार दिवस में पोषण का महत्व, गर्भावस्था में पोषण स्वास्थ्य देखभाल एवं जन्म के प्रथम 6 माह तक केवल स्तनपान का महत्व, गर्भावस्था के दौरान स्वास्थ्य जांच एवं टीकारण आदि विषयों पर हितग्राहियों को जानकारी दी गई। इस दौरान गांव में आंगनबाडी केन्द्र स्तर पर पोषण पखवाडा रैली, दीवार लेखन, मंगल दिवस गोद भराई कार्यक्रम, गर्भवती महिला की पोषण थाली का प्रदर्शन आदि गतिविधियॉ आयोजित की गई।

# कलश यात्रा से शुरू हुआ महाकाली- भैरव का अनुष्ठान



गुना। आरके पुरम कॉलोनी बीजी रोड स्थित नवनिर्मित देवालय परिसर में श्री शिव पंचायत एवं महाकाली-काल भैरव प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान का शुभारंभ शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। यह चार दिवसीय आयोजन 11 से 14 अप्रैल तक चलेगा।

आयोजन का संचालन 'तेरी कृपा तेरी दया मानव सेवा समिति' द्वारा राजेन्द्र कुमार जाधव गुरुजी के सानिध्य में किया जा रहा है। अनुष्ठान के पहले दिन प्रात⁻ 9 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर भाग लिया। महिलाएं मंगल गीत गाते हुए चल रही थीं और उनके आगे धर्म ध्वज लहराते श्रद्धालु उत्साह के साथ आगे बढ़ रहे थे। श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण यह कलश यात्रा प्राण प्रतिष्ठा स्थल तक पहुंची, जहां पंडितों द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न कराए गए। पहले दिन कलश यात्रा के बाद प्रात⁻ 11 बजे मंडल पूजन, दोपहर 1 बजे नूतन मूर्ति जलाधिवास और सायं 4 बजे अन्नाधिवास अनुष्ठान संपन्न हुआ। शनिवार, 12 अप्रैल को लता पताधिवास और फलाधिवास जैसे कार्यक्रम होंगे।

### सड़क पर बन रहे थे जाम के हालात

# सड़क पर सब्जी बेच रहे विक्रेताओं को खदेड़कर मंडी में किया शिफ्ट



**जागरण, राघोगढ़।** नपा राघौगढ़ विजयपुर द्वारा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राघौगढ़ विकास कुमार आनंद के निर्देशन में सब्जी विक्रेता एवं हाथ ठेला विक्रेता को राघौगढ़ सब्जी मंडी में शिफ्ट कराया गया। उल्लेखनीय की कई दिनों से ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हेतु आमजन द्वारा मांग की जा रही थी। जिसके पालन में मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिप्रसाद जाटव द्वारा रोड किनारे लगा रहे सब्जी विक्रेताओं एवं हाट ठेलों को सब्जी मंडी में विधिवत स्थल आवंटन कर शिफ्ट कराया गया। नगर पालिका कर्मचारी द्वारा कहने पर सभी सब्जी, फल फ्रूट विक्रेता हाथ ठेला अपनी मर्जी से पुरानी सब्जी मंडी में दुकान नियम अनुसार क्रमबद्ध लगी इस अवसर पर नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

### महादेव मंदिर पर होगा 108 चालीसा पाठ

**गुना।** हनुमान जयंती के अवसर पर नगर स्थित सार्वजनिक श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर परिसर में भव्य धार्मिक आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर 12 अप्रैल को प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बाल स्वरूप बालाजी सरकार का विशेष अभिषेक, श्रृंगार और पूजा-अर्चना की जाएगी। मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि प्रात⁻ 7⁻30 बजे बालाजी सरकार की प्रथम आरती के दर्शन के बाद श्रद्धालुओं द्वारा सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया जाएगा। इस मौके पर बालाजी सरकार को छप्पन भोग अर्पित किए जाएंगे। दिनभर चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में संध्या आरती के उपरांत 108 बार हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होगा, साथ ही 1008 दीप प्रज्वलित कर दीपोत्सव के माध्यम से हनुमान जन्मोत्सव को उत्साहपूर्वक मनाया जाएगा। मंदिर समिति ने समस्त श्रद्धालुओं और धर्मप्रेमियों से अपील की है ।

### नेशनल लोक अदालत 10 मई को, बैठक आयोजित

# लोक अदालत में राजीनामे से सुझलाए जाएंगे मामले



**जागरण, गुना ।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश अमिताभ मिश्र के मार्गदर्शन में 10 मई 2025 को संपूर्ण गुना जिले में जिला न्यायालय, कुटुम्ब न्यायालय एवं अन्य तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है जिसमें न्यायालयीन लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय मामलों एवं बैंक, विद्युत, जलकर, संपत्तिकर आदि प्रीलिटिगेशन प्रकरणों सहित सभी प्रकार के राजीनामा योग्य मामले निराकरण के लिये रखे जायेगें।

नेशनल लोक अदालत में प्रकरणों के निराकरण में कोर्ट फीस पक्षकारों को वापिसी योग्य होती है चूंकि नेशनल लोक अदालत में विवादित मामला दोनों पक्ष की सहमति से रखा जाकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकृत किया जाता है जिसके फलस्वरूप पक्षकारों के अमूल्य समय तथा व्यय होने वाले धन की बचत होती है तथा पक्षकारों में परस्पर स्नेह भी बना रहता है। नेशनल लोक अदालत में विद्युत अधिनियम के अंतर्गत लंबित एवं प्रीलिटिगेशन प्रकरणों तथा मध्यप्रदेश नगरपालिका अधिनियम के अंतर्गत अधिरोपित संपत्तिकर एवं जलकर के प्रीलिटिगेशन प्रकरणों में विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को नियमानुसार विभिन्न छूट प्रदान की जाती है। अतः पक्षकारों से अधिक से अधिक संख्या में लाभ प्राप्त करने का अनुरोध है। नेशनल लोक अदालत में मामले को रखे जाने का एक अन्य महत्वपूर्ण फायदा यह है कि प्रकरण अंतिम रूप से निराकृत हो जाता है जिसकी कोई अपील नहीं होती है।

श्रीमती वंदना त्रिपाठी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना द्वारा आव्हान किया गया है कि ऐसे इच्छुक पक्षकार जो अपना मामला 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के माध्यम से निराकृत कराना चाहते है। वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गुना से संपर्क स्थापित करें, ताकि उनका प्रकरण विचार में लिया जाकर नेशनल लोक अदालत में निराकृत कराये जाने हेतु रखा जा सके।आज इस संबंध में जिला न्यायालय के एडीआर सेंटर में मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ बैठक का आयोजन कर आगामी दिनांक 10 मई 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में विस⁻?तार से जानकारी दी गयी।

# आस्था, संस्कृति और राष्ट्रभक्ति का संगम बना श्री आनंदपुरधामः मोदी

## जिले में बना इतिहास, पहली बार आए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी



### गुरुजी महाराज मंदिर में पूजन कर गुरु महाराज के सामने टेका मत्था

जागरण अशोकनगर।

जिले में यह पहली बार हुआ जब कोई प्रधानमंत्री दौरे पर आए, देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ईसागढ़ तहसील के आनंदपुर में पहुंचे, जहां पर उन्होने गुरुजी महाराज के मंदिर पहुंचकर पूजन-अर्चन किया एवं गुरु महाराज के सामने मत्था टेका कर आर्शीवाद लिया।


आनंदपुर पहुंचे प्रधानमंत्री ने कहा कि आज मध्यप्रदेश के श्री आनंदधाम आकर मेरा मन अभिभूत हैं जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ एक परंपरा बन चुका हो, जहां सेवा के संकल्प मानवता के कल्याण का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है।

इसलिए हमारे संतों ने अशोकनगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है। मुझे खुशी है कि आज मुझे यहां बैसाखी और श्री गुरू महाराज जी के अवतरण उत्सव में शामिल होने का अवसर मिला है, उक्त बात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को श्री आनंदपुर धाम में कही।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को अशोकनगर जिले के ईसागढ़ विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पवित्र आनंदपुरधाम पहुंचे थे, जहां उन्होंने श्री परमहंस अद्वैत मंदिर में पूज्य गुरूजी महाराज जी की पूजा-अर्चना की और देशवासियों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, एकता और शांति की कामना की। इसके बाद उन्होंने आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित किए। बाद में प्रधानमंत्री ने कहा कि निष्काम भाव से गरीब, वंचितों की सेवा और नर सेवा में नारायण सेवा को देखने की भावना हमारी भारतीय संस्कृति का आधार है मुझे खुशी है कि सेवा की इसी संस्कृति को आनंदपुर ट्रस्ट आगे बढ़ा रहा है। ट्रस्ट द्वारा संचालित अस्पताल में हजारों लोगों का निःशुल्क इलाज किया जाता है। आनंदपुर में आश्रम के अनुयायियों ने हजारों एकड़ बंजर जमीन को हरा-भरा बनाया है। आश्रम की ओर से लगाए गए ये हजारों पेड़ परमार्थ के काम आ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेवा की यही भावना हमारी सरकार के हर प्रयास के केन्द्र में है। आज हर जरूरतमंद प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के कारण खाने की चिंता से मुक्त है। आज हर गरीब और बुजुर्ग आयुष्मान योजना के कारण इलाज की चिंता से मुक्त है। प्रधानमंत्री ने मां जागेश्वरी देवी, मां बीजासन देवी, मां जानकीधाम करीला के चरणों में भी नमन किया और कहा कि आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है मैं आप सभी को बैसाखी और श्री गुरू महाराज के अवतरण उत्सव की बधाई देता हूं।

**राज्यपाल, मुख्यमंत्री सहित केन्द्रीय मंत्री सिंधिया हुए शामिलः** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बीडी शर्मा सहित अन्य लोग कार्यक्रम में शामिल होने आनंदपुर धाम पहुंचे।








## 150 से अधिक टीमों ने लिया हिस्सा, गरेठी विजेता, वार्ड 7 उपविजेता

**जागरण,मुगांवली।** कैलाशवासी श्रीमंत माधवराव सिंधिया की पुण्य स्मृति में ज्ञानालय परिवार द्वारा आयोजित अर्जुन कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य समापन हुआ। टूर्नामेंट में 150 से अधिक टीमों ने निःशुल्क भागीदारी की जिसमें रोमांचक मुकाबलों के बीच गरेठी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। पहला सेमीफाइनल मैच गरेठी और ओडेर टीम के मध्य खेला गया जो अत्यंत रोमांचक रहा। निर्धारित ओवरों के बाद दोनों टीमों का स्कोर समान रहा जिसके चलते मुकाबला सुपर ओवर तक पहुंचा। सुपर ओवर में गरेठी ने 16 रनों से जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच साजिद रहे। फाइनल मुकाबला गरेठी बनाम वार्ड 07 मुंगावली के बीच खेला गया जिसमें गरेठी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से जीत हासिल की। गगनदीप को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफद मैच घोषित किया गया। पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए राहुल सेन को मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार मिला। विजेता टीम गरेठी को 1,11,111 की नगद राशि एवं ट्रॉफी से सम्मानित किया गया वहीं उपविजेता वार्ड 07 मुंगावली को 55,555 की नगद राशि एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

## लायंस हेल्पिंग हैंड ने लगाए जगह-जगह संकोरे

**जागरण,अशोकनगर।** पक्षियों के लिए दाना-पानी की व्यवस्था हेतु लायंस हेल्पिंग हैंड क्लब ने शहर में जगह-जगह संकोरे लगाने का अभियान शुरू किया है। संकोरे लगाने का कार्य अध्यक्ष फिरोज सुल्ताना की अगुवाई में किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस समय गर्मी लगातार अपना प्रकोप बढ़ा रही है ऐसे में पक्षियों के लिए दाना-पानी की समस्या आ रही है इसी को देखते हुए प्रांतीय निर्देश पर पर्यावरण की सुरक्षा एवं परोपकार की भावना से संकोरे लगाने का कार्य किया जा रहा है। पहले दिन करीब 15 संकोरे लगाए गए जिनमें दाना और पानी डाला गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मेंबर कविता साहू, रीजन कॉर्डिनेटर एमजेएफ वैशाली सलूजा, सचिव सुनीता जैन, रानी अहिरवार, नीलम जैन, ज्ञानेश्वरी सक्सेना, रीना यादव सहित आदि उपस्थित रहीं।

## न्यूज कार्नर

### यातायात पुलिस ने हनुमान जयंती पर जारी किया रूटचार्ट

**जागरण, शिवपुरी।** हनुमान जयंती के अवसर पर 12 अप्रैल को श्री बाकड़े हनुमान मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में आयोजन होंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। बाकड़े मंदिर मार्ग को वन-वे बनाया गया है। भारी वाहनों का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ट्रक और बसें सुरवाया फोर लाइन और गुना नाका से होकर पडोरा की ओर जाएंगी। श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। ऑटो रिक्शा झांसी रोड के किनारे खड़े किए जाएंगे। दोपहिया और चारपहिया वाहनों के लिए मंदिर के सामने पार्किंग स्थल बनाया गया है। वापसी के लिए श्रद्धालु कोटा गांव होते हुए झांसी रोड से निकल सकेंगे। थीम रोड स्थित मशापूर्ण मंदिर, लेटे हनुमान मंदिर और बालाजी हनुमान मंदिर पर भी भीड़ की संभावना है। कठमई तिराहे से सुबह 7 बजे से भारी वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। आवश्यकता पड़ने पर यात्री बसों का मार्ग भी बदला जा सकता है। यातायात पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग में ही खड़े करें। पुलिस के सहयोग से सभी को सुरक्षित और सुगम दर्शन का अवसर मिल सकेगा।

### सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद का लाइव डेमो

**शिवपुरी।** शिवपुरी के एनएच 27 स्थित रामनगर टोल प्लाजा पर शुक्रवार को सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए कॉरिडोर स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया और एचएलएल पीपीटी ने संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रशिक्षण के दौरान मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें काल्पनिक सड़क दुर्घटना का दृश्य बनाया गया। ईएमटी टीम ने घायलों को सीपीआर और प्राथमिक उपचार देने का लाइव प्रदर्शन किया। टीम ने घायलों को स्ट्रेचर पर लिटाने और एंबुलेंस में स्थानांतरित करने की पूरी प्रक्रिया का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में आईएमएस (इन्सीडेंट मैनेजमेंट सिस्टम) की ट्रेनिंग दी गई। क्षेत्रीय अधिकारी ह्रदेश दुबे की उपस्थिति में डॉ. मांगलेश भालेराव और नेहा डोगर ने मुख्य प्रशिक्षक की भूमिका निभाई। प्रशिक्षण में दुर्घटना के बाद की परिस्थितियों से निपटने की जानकारी दी गई। साथ ही एंबुलेंस सेवा 1033 के माध्यम से घायलों को अस्पताल पहुंचाने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

# गर्मी में पौधरोपण करने पर भड़के मंत्री प्रहलाद पटेल

## गुस्से में कार्यक्रम छोड़कर निकले, वायरल हुआ वीडियो, बोले- अधिकारी करते हैं नौटंकी

**जागरण, शिवपुरी।** पोहरी में गुरुवार को ग्राम पंचायत देवपुरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत पहुंचे पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल का पारा अचानक सातवें आसमान पर पहुंच गया। अधिकारियों को फटकारते हुए उन्होंने कहा- तुम पूरे समय नौटंकी करने वाले लोग हो! उन्होंने गुस्से में अपशब्दों का भी इस्तेमाल किया और कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर निकल गए। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो आज सामने आया है। मंत्री का गुस्सा देखकर मौके पर मौजूद ग्रामीण और आयोजक भी सकते में आ गए। लोग उनका भाषण सुनने के लिए घंटों से इंतजार कर रहे थे, लेकिन मंत्री बिना कुछ बोले कार में बैठकर रवाना हो गए।

इससे पहले मंत्री पटेल ने गांव के माता मंदिर में पूजा-अर्चना की और इलाके में चल रहे विकास कार्यों का जायजा भी लिया। कार्यक्रम स्थल पर जैसे ही मंच संभाला, किसी प्रशासनिक मुद्दे पर बात शुरू हुई और लापरवाही सामने आते ही उनका गुस्सा फूट पड़ा। बताया जा रहा है कि मंत्री ने मंच पर अधिकारियों को



जमकर लताड़ा, यहां तक कि कुछ अपशब्द भी कह दिए। इसके बाद वह बिना औपचारिक विदाई या स्पष्टीकरण दिए सीधे लौट गए। पूरा घटनाक्रम वहां मौजूद लोगों के मोबाइल में कैद हो गया। अब मंत्री के गुस्से वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में मंत्री की नाराजगी और शब्द साफ तौर पर सुने जा सकते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि वे मंत्री जी से इलाके के मुद्दों पर बात करना चाहते थे, लेकिन उन्हें मौका ही नहीं मिला। जिपं अध्यक्ष नेहा यादव ने बताया कि मंत्री के तय शेड्यूल में पौधरोपण कार्यक्रम था ही नहीं, मंत्री जी की नाराजगी इस बात को लेकर थी कि गर्मियों के मौसम में पौधरोपण क्यों किया जा रहा है। उनका स्पष्ट कहना था कि पौधरोपण का कार्य 20 जून के बाद किया जाए, जब मौसम अनुकूल हो। नेहा यादव ने यह भी स्पष्ट किया कि आमजन से संवाद के लिए जो टेंट लगाया गया था, उसकी जानकारी न तो मंत्री जी को थी और न ही उन्हें खुद को। मुझे खनियाधाना में इस टेंट की जानकारी दी गई थी, यही कारण रहा कि हम लोग जनता के पास नहीं जा सके।

### जिला अस्पताल के सर्जरी विशेषज्ञ ने आपरेशन कर बचाई महिला की जान

**शिवपुरी।** शिवपुरी जिला चिकित्सालय के सर्जरी रोग विभाग के चिकित्सक डॉ. पंकज गुप्ता द्वारा गंभीर उदर रोग से पीड़ित महिला रोगी का आपरेशन कर न केवल अपना उच्च कौशल प्रदर्शित किया बल्कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक मिशाल कायम की है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर ने प्रेस नोट के माध्यम से जारी जानकारी में बताया कि जिला चिकित्सालय के चिकित्सक रोगियों के उपचार में अपना बेहत्तर कौशल प्रदर्शित कर आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। जिला चिकित्सालय शिवपुरी के सर्जरी विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. पंकज गुप्ता ने अशोक नगर जिले की ईसागढ़ तहसील के ग्राम मुढेरा से उपचार कराने शिवपुरी जिला चिकित्सालय में भर्ती हुई 55 वर्षीय महिला मिथलेश लोधी पत्नी बालमुकुंद लोधी को अपने उच्च कौशल से उपचारित कर स्वस्थ्य कर दिया। महिला मिथलेश को पिछले दो बर्ष से पेट में तेज दर्द रहता था। जिसका कई स्थान पर उपचार कराने व दर्द के इंजेक्शन लगवाने के कारण उसकी पेट में अपेंडिक्स फट गया तथा पेट की कई आंते गल गई।

# पेट्रोल डालते समय बाइक में लगी आग, धूं-धूं कर जली

## सिगरेट पीते हुए टंकी में पेट्रोल डाल रहा था युवक



**जागरण, शिवपुरी।** दो बत्ती चौराहे पर आज एक बाइक में अचानक आग लग गई, जिससे कुछ देर के लिए इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि समय रहते लोगों ने समझदारी दिखाई और आग पर काबू पा लिया, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार युवक सिगरेट पीते हुए एक बोतल से बाइक की टंकी में पेट्रोल डाल रहा था। इस दौरान सिगरेट की चिंगारी पेट्रोल के संपर्क में आ गई और बाइक में आग लग गई। देखते ही देखते बाइक धू-धू कर जलने लगी। घटना के समय वहां से एक पानी का टैंकर गुजर रहा था। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए टैंकर को रुकवाया और उसकी मदद से आग पर काबू पा लिया। लोगों की इस सूझबूझ से बड़ा हादसा टल गया। बताया गया है कि जलती हुई बाइक सिद्धेश्वर कॉलोनी निवासी असगर खान के बेटे की थी, जो बाइक से कहीं जा रहा था। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

# तीन आरोपियों ने वृद्धा को लाठी-डंडों से पीट-पीटकर किया घायल

## रास्ते के विवाद को लेकर हुआ हमला



**जागरण, शिवपुरी।** सुनारी स्थित पपरेडू गांव में रास्ते के विवाद को लेकर तीन लोगों ने लाठी-डंडों से बुजुर्ग महिला पर हमला कर दिया। गुरुवार शाम की इस घटना में 65 साल की चंद्रा रावत घायल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पीड़ति पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

पीड़िता के बेटे बबलू सिंह रावत के अनुसार, उनके परिवार का बल बहादुर रावत और दिनेश रावत के परिवार से रास्ते को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। घटना उस समय हुई जब चंद्रा रावत खेत से घर लौट रही थीं।

रास्ते में आरोपी बल बहादुर, दिनेश और उसकी पत्नी ने उन्हें रोका और लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हमला कर दिया। हमले में चंद्रा रावत के शरीर पर गंभीर चोटें आईं और वह बेहोश हो गईं। परिजन उन्हें पहले राकेश अस्पताल ले गए।

प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने तीनों आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# 70 लीटर कच्ची शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जागरण, शिवपुरी।** बदरवास थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल से हाईवे पर अवैध रूप से शराब बेचने आए एक आरोपी को 70 लीटर हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब सहित एक पल्सर मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है।

बदरवास पुलिस को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि हाईवे उत्तम ढाबा श्रीपुर के पास एक काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब अपनी मोटरसाईकिल पर रखकर बेचने या कही ले जाने के लिये खड़ा है। उक्त मुखविर सूचना पर से पुलिस द्वारा दबिश दी गई तो एक व्यक्ति अपनी मोटरसाईकिल पर दो पीले रंग की कैनो मे शराब रखकर खडा था तभी पुलिस को आते देखकर अपनी मोटरसाईकिल क्रमाक यूपी 93 सीडी 9356 को लेकर भागने लगा। जिसे पुलिस द्वारा पकडकर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम दिनेश कुमार पुत्र सरजू प्रसाद कोरी उम्र 34 साल निवासी गांधीनगर थाना गुरसराय तहसील गरौठा जिला झांसी उत्तरप्रदेश का होना बताया मोटरसाईकिल पर साईड मे बंधी दोनों केनो को खोलकर चैक किया



तो दोनो कैनो मे हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब लगभग 70 लीटर कीमती 8000 हजार रूपये की मिली। उक्त व्यक्ति से शराब रखने व बेचने के संबंध में वैध लाईसेंस चाहा तो नही होना बताया। उक्त आरोपी का कृत्य धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत दण्डनीय पाया जाने से 70 लीटर अवैध हाथ भट्टी की बनी कच्ची शराब 70 लीटर कीमती 8000 रुपये व घटना में प्रयुक्त काले रंग की पल्सर मोटर साईकिल कीमती 01 लाख रुपये कुल मशरूका 108000 रुपये का विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध अपराध क्र. 111/2025 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया। बाद आरोपी को माननीय न्यायालय कोलारस पेश किया गया। आरोपी दिनेश कुमार कोरी पर अवैध हत्यार रखने, चोरी एवं चोरी का माल रखने एवं शराब बैंचने के करीबन 07 अपराध जिला झांसी उप्र में अलग अलग थानो में दर्ज है। उक्त कार्रवाई में टीआई विकास यादव, उनि. नोबेल खेस, सउनि राकेश शिवहरे, सउनि सत्येन्द्र सिंह जादौन, प्रआर सुरेन्द्र राय, प्रआर. शैतान सिंह, आर. नेपालसिंह भील, ब्रजेश भील, सुनील रघुवंशी, निर्मल बारेला, रामसिह पटेलिया, दीनू रघुवंशी, सैनिक वेदप्रकाश परिहार की अहम भूमिका रही।

### वारदात की नियत से घूम रहा आरोपी कट्टे के साथ गिरफ्तार

बदरवास थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रिजौदी रोड के पास वारदात की नियत से घूम रहा आरोपी जितेन्द्र अहिरवार पुत्र मंगल अहिरवार उम्र 35 साल निवासी ग्वाल टोली हंसारी थाना प्रेमनगर जिला झांसी उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा लोडेड जिसमे एक जिन्दा कारतूस जब्त किया है। उक्त आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। बाद में आरोपी को माननीय न्यायालय कोलारस पेश किया गया। आरोपी जितेन्द्र आहिरवार पर अवैध हथियर रखने, चोरी एवं चोरी का माल रखने के करीबन 08 अपराध जिला झांसी उप्र में अलग अलग थानो में दर्ज है।